वार्षिक रिपोर्ट

2019-2020

विनियामक मंच
FORUM OF REGULATORS

विनियामक फोरम

वार्षिक रिपोर्ट
2019-20

विनियामक फोरम

विनियामक फोरम (एफओआर)
सचिवालयः मार्फत केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (केविविआ),
तृतीय एवं चतुर्थ तल, चंद्रलोक बिल्डिंग,
36 जनपथ, नई दिल्ली – 110 001
दूरभाषः +91–11–23753920
फैक्सः +91–11–23752958

प्रस्तावना

वर्ष 2019–20 के दौरान, विनियामक फोरम (एफओआर) ने विद्युत क्षेत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर विचार–विमर्श करने और विवेचनीय विषयों पर आगे बढ़ने के लिए सहमति तैयार करते हुए अपने उद्देश्यों को पूरा करना जारी रखा। फोरम ने विद्युत वितरण एवं नवीकरणीय ऊर्जा के लिए पर्याप्त उपाए किए और विद्युत क्षेत्र के अन्य महत्वपूर्ण विषयों का परीक्षण किया।

फोरम ने सौर पीवी प्रणाली का प्रयोग करते हुए 33केवी से नीचे के विद्युत प्रणाली में विद्युत के लिए ग्रिड पारस्परिक वितरित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के लिए मॉडल विनियम प्रकाशित किए (नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त या समय–समय से आयोग द्वारा अनुमोदित नवीकरणीय स्रोतों के इस प्रकार के अन्य रूप। फोरम ने अंतःराज्यिक अनिवार्य विश्वसनीयता सेवा प्रचालन विनियम के लिए ड्राफ्ट जारी किया। इन विनियमों का उद्देश्य राज्य में मांग और पूर्ति में संतुलन लाना है और अंतःराज्यिक पारेषण प्रणाली में संकुलता को मुक्त करना है तथा रिज़र्व को शामिल करते हुए विद्युत के प्रेषण को अधिकतम करना है।

फोरम ने एसबीडी की विभिन्न श्रेणियों के सृजन के लिए तार्किकता के परीक्षण को समझने के लिए कार्यदल का गठन किया और यह परीक्षण किया कि क्या अल्प एवं मध्यकाल को फारवर्ड कांट्रेक्ट किया जा सकता है अथवा नहीं।

फोरम ने राज्य स्तर और संबद्ध विषयों पर नवीकरणीय ऊर्जा के लिए पूर्वानुमान, अनुसूचीकरण एवं डीएसएम फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन पर केन्द्रित करने के प्रयोजन के लिए और गैर नवीकरणीय ऊर्जा समृद्ध राज्यों के लिए राज्य स्तर पर उपलब्धता आधारित टैरिफ के कार्यान्वयन पर केन्द्रित करते हुए केविविआ के तकनीकी सदस्य की अध्यक्षता में तकनीकी समिति का पुनर्गठन किया। पुनर्गठित तकनीक समिति ने कोविड–19 के कारण लॉकडाउन के आरंभ से पूर्व तीन बैठकें की।

वर्ष के दौरान फोरम ने अध्ययन आरंभ किए और संबंधित सौर पीवी ग्रिड के लिए लेखा फ्रेमवर्क एवं मीटरिंग विनियम, वितरण में निर्बाध पहुंच की स्थिति की समीक्षा, योग्य समन्वयकारी एजेंसी के विषयों पर रिपोर्ट, अंतःराज्यिक रिजर्व तथा संतुलन के लिए सहायक सेवाओं पर रिपोर्ट को शामिल करते हुए रिपोर्ट तैयार की।

फोरम द्वारा की गई पहलों की पृष्ठभूमि में, प्राथमिक रूप से उतरदायित्व अब कार्यान्वयन के लिए विभिन्न अध्ययनों की सिफारिशों को अपनाने के लिए राज्य विद्युत विनियामक आयोगों / संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों का है। फोरम इस क्षेत्र के विशेषज्ञों के विचारविमर्श करने में लगा है ताकि उन विवेचनीय मुददों पर कार्यान्वयन योग्य समाधानों का पता लगाया जा सके जिससे विद्युत क्षेत्र में चहुमुखी विकास में बाधा पहुंच रही है। हम फोरम के आदेश को पूरा करने में सभी स्टेक होल्डरों से सतत सहायता की अपेक्षा करते हैं।

अध्यक्ष, विनियामक फोरम

विषय सूची

1. **विनियामक फोरम के बारे में (एफओआर)** 7

2. **विनियामक फोरम की गतिविधियां** 9

2.1 विनियामक फोरम की बैठकें 9

12 अप्रैल, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एफओआर की 67वीं बैठक 9

20 जून, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एफओआर की 68वीं बैठक 10

20 सितंबर, 2019 को अमृतसर, पंजाब में आयोजित एफओआर की 69वीं बैठक 10

31 जनवरी, 2020 को दीव में आयोजित एफओआर की 70वीं बैठक 12

2.2 पूरे किए गए अध्ययन 13

वितरण क्षेत्र में निर्बाध पहुंच की स्थिति की समीक्षा 13

राज्य स्तर पर रिज़र्व एवं सहायक सेवाओं पर विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट (संतुलन 13

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम 14

सिडनी आस्ट्रेलिया में 27 – 29 नवंबर, 2019 को विद्युत विनियामक आयोगों के आयुक्तों के लिए द्वितीय वैश्विक विनियामक परिदृश्य कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय निम्नानुसार है 14

आईआईटी कानपुर में 7–9 जनवरी, 2020 को टैरिफ तकनीक एवं उपभोक्ता पसंद – विद्युत क्षेत्र में उभरते हुए विनियामक विषयों पर विद्युत विनियामक आयोगों के अधिकारियों के लिए 13वां क्षमता निर्माण कार्यक्रमः 14

30–31 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय ऊर्जा प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद में सीजीआरएफ एवं ओमब्डसमैन के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित का संरक्षण'' पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए विषय निम्नानुसार है 14

3. 2019–20 के दौरान (केविविआ/एसईआरसी/जेईआरसी) विनियामक फोरम के विनियामक निकायों के सदस्यों की उपलब्धियां) 15

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग 15

असम विद्युत विनियामक आयोग 17

आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 18

अरुणाचल प्रदेश राज्य विद्युत विनियामक आयोग 18

बिहार विद्युत विनियामक आयोग 18

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत विनियामक आयोग 18

दिल्ली विद्युत विनियामक आयोग 19

गुजरात विद्युत विनियामक आयोग 19

हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग 19

हिमाचल प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 20

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (गोवा और संघ राज्य प्रदेश) 20

संयुक्त विद्युत विनियामक आयोग (मणिपुर और मिजोरम) 20

झारखंड राज्य विद्युत विनियामक आयोग 20

कर्नाटक विद्युत विनियामक आयोग 21

केरल राज्य विद्युत विनियामक आयोग 21
महाराष्ट्र विद्युत विनियामक आयोग 22
मध्य प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 22
मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग 22
नागालैंड विद्युत विनियामक आयोग 23
ओडिशा विद्युत विनियामक आयोग 23
पंजाब राज्य विद्युत विनियामक आयोग 23
राजस्थान विद्युत विनियामक आयोग 23
सिक्किम राज्य विद्युत विनियामक आयोग 24
त्रिपुरा विद्युत विनियामक आयोग 24
तमिलनाडु विद्युत विनियामक आयोग 24
तेलंगाना राज्य विद्युत विनियामक आयोग 24
उत्तर प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग 24
उत्तराखंड विद्युत विनियामक आयोग 25
पश्चिम बंगाल विद्युत विनियामक आयोग 25
4. राष्ट्रीय विद्युत नीति और टैरिफ नीति से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों की स्थिति 26
5. केविविआ/एसईआरसी/जेईआरसी के अध्यक्षों की सूची 27
6. वार्षिक लेखापरीक्षित लेखा 29
अनुबंध – I 48
सीईआरसी द्वारा अवधारित उत्पादन टैरिफ
अनुबंध – II 56
एसईआरसी/जेईआरसी द्वारा जारी टैरिफ आदेशों की समयबद्धता
अनुबंध – III 59
सीजीआरएफ और लोकपाल की कार्यप्रणाली 60

1 विनियामक फोरम के बारे में

विद्युत क्षेत्र के लिए एक स्वतंत्र विनियामक आयोग की परिकल्पना वर्ष 1990 के दशक के आरंभ में उस समय की गई थी जब 1994 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में विद्युत संबंधी राष्ट्रीय विकास परिषद समिति ने 'सार्वजनिक और निजी प्रयोज्यताओं की टैरिफ नीतियों को विनियमित करने के लिए क्षेत्रीय स्तर पर स्वतंत्र व्यवसायिक टैरिफ बोर्डो का गठन' करने की सिफारिश की थी। समिति ने यह भी दोहराया था कि 'टैरिफ बोर्डो से प्रत्येक क्षेत्र और प्रत्येक राज्य के लिए समुचित विद्युत टैरिफों को तैयार करने के मामले में उच्च स्तर की व्यवसायिकता आ सकेगी।'

विनियामक आयोग के गठन की आवश्यकता को 1996 में आयोजित मुख्यमंत्रियों के सम्मेलन में पुनः दोहराया गया। सम्मेलन में अन्य बातों के साथ साथ विद्युत के लिए सामान्य न्यूनत्तम राष्ट्रीय कार्रवाई योजना की बात को व्यक्त करते हुए यह सहमति हुई कि राज्य विद्युत बोर्डों में सुधार और पुनर्संरचना करना आवश्यक है तथा इन्हें निश्चित सीमा के अंदर पूरा किया जाना चाहिए और इस दिशा में एक उपाय के रूप में विद्युत विनियामक आयोगों को बनाने की बात को समझा गया। इस प्रकार केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों (विविआ) को बनाने के लिए विद्युत विनियामक आयोग (ईआरसी) अधिनियम, 1998 (संक्षेप में, 1998 अधिनियम) अधिनियमित किया गया।

1998 का अधिनियम, टैरिफ विनियमन से सरकार को दूर रखने के उद्देश्य से अधिनियमित किया गया था। 1998 के अधिनियम में विद्युत टैरिफ को तर्कसंगत बनाने, टैरिफ सब्सिडी इत्यादि से संबंधित पारदर्शिता नीतियों के सुव्यवस्थितीकरण के लिए केन्द्र तथा राज्यों में विद्युत विनियामक आयोगों के लिए उपबंध किया गया। अब 1998 के अधिनियम को विद्युत अधिनियम 2003 (संक्षेप में, 2003 का अधिनियम) द्वारा प्रतिस्थापित कर दिया गया है। 2003 अधिनियम की शुरुआत से विद्युत विनियामक आयोगों के कार्यकलाप विद्युत बाजार के क्षेत्र के विकास की भूमिका के साथ साथ इसे सरकार को परामर्श कार्य भी निर्दिष्ट किए गए हैं। केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग तथा अधिकांश राज्य विद्युत विनियामक आयोग अधिनियम 1998 के अंतर्गत गठित किए गए थे। तथापि, मेघालय राज्य विद्युत विनियामक आयोग, जेईआरसी (मणिपुर एवं मिजोरम) तथा जेईआरसी (गोवा एवं संघ शासित प्रदेश) जैसे कुछ एसईआरसी/जेईआरसी 2003 के अधिनियम के बाद गठित किए गए थे।

इस फोरम को 2003 के अधिनियम की धारा 166(2) के अंतर्गत उपबंध के अनुसरण में 16 फरवरी 2005 की विद्युत मंत्रालय की अधिसूचना के माध्यम से गठित किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य सीईआरसी, एसईआरसी और जेईआरसी द्वारा तैयार किए गए विद्युत क्षेत्र में विनियमनों में एकरूपता प्राथमिक उद्देश्य था। फोरम में केविविआ के अध्यक्ष और राज्य विद्युत विनियामक आयोगों एवं संयुक्त विद्युत विनियामक आयोगों के अध्यक्ष सम्मिलित हैं। केविविआ के अध्यक्ष, फोरम के अध्यक्ष हैं।

केन्द्रीय सरकार ने विनियामक फोरम के लिए निम्नलिखित नियम भी बनाए है:–

❖ फोरम का गठन

फोरम में केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष एवं राज्य आयोगों के अध्यक्ष शामिल होंगे। केन्द्रीय आयोग के अध्यक्ष विनियामक फोरम के अध्यक्ष होंगे। केन्द्रीय आयोग के सचिव फोरम के पदेन सचिव होंगे। फोरम की सचिवीय सहायता केन्द्रीय आयोग द्वारा प्रदान की जाएगी। फोरम का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित होगा।

❖ फोरम के कार्य

फोरम निम्नलिखित कार्यों का निर्वहन करेगा अर्थात :–

- केन्द्रीय आयोग तथा राज्य आयोगों के टैरिफ आदेशों तथा अन्य आदेशों का विश्लेषण एवं उक्त आदेशों से उत्पन्न आकंडों का संकलन करना विशेष रूप से प्रयोज्यताओं की कार्य कुशलता को रेखांकित करना;
- विद्युत क्षेत्र में विनियमन में एक रूपता;
- अधिनियम के अंतर्गत अपेक्षित अनुज्ञप्तिधारियों के कार्यनिष्पादन के मानकों को निर्धारित करना;

- सामान्य हित के और सामान्य दृष्टिकोण के विभिन्न मुददों के संबंध में फोरम के सदस्यों को सूचना शेयर करना;
- ऊर्जा क्षेत्र विनियमन से संबंधित मुददों पर आउटसोंर्सिंग के माध्यम से या इन हाउस अनुसंधान कार्य से पूरा करना;
- उपभोक्ताओं के हित की सुरक्षा के लिए उपाय विकसित करना और ऊर्जा क्षेत्र में कार्यकुशलता, मितव्ययिता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना; तथा
- इस प्रकार के अन्य कार्य जिसे केन्द्रीय सरकार समय समय से निर्दिष्ट कर सकती है।

❖ फोरम का वित्त

- केन्द्रीय सरकार फोरम की गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए राज्य आयोगों से आवश्यक वित्तीय अंशदान ले सकती है। केन्द्रीय आयोग फोरम की गतिविधियों के लिए अलग लेखा रखेगी।

❖ मिशन विवरण

विनियामक फोरम की अवधारणा स्वतंत्र विनियमों के विकास को पूरा करने तथा भारत में विद्युत क्षेत्र में स्टेक रखने वालों को शक्ति प्रदान करने के मिशन से आरंभ किया गया था। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए फोरम का लक्ष्य निम्नानुसार है:–

- विद्युत क्षेत्र में विनियमों की एकरूपता।
- सम्पूर्ण भारत में राष्ट्रीय नीतियों का अनुपालन
- भारत में विद्युत क्षेत्र में विनियामक निश्चितता बनाए रखने के लिए ईआरसी को प्लेटफार्म उपलब्ध करवाना।
- उपभोक्ताओं के हित में व्यापक नीतियों/विनियमों के कार्यान्वयन के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए पहल करना।

2 फोरम की गतिविधियाँ

2.1 एफओआर की बैठकें

फोरम ने वर्ष के दौरान सात बैठकें आयोजित कीं और कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर आम सहमति बनाई।

12 अप्रैल, 2019 को नई दिल्ली में आयोजित एफओआर की 67वीं बैठक

- वित्तिय वर्ष 2019–20 के लिए प्राक्कलित व्यय एवं प्रत्याशित आय को दर्शाते हुए विनियामक फोरम के बजट पर फोरम द्वारा विचारविमर्श किया गया। उसके बाद फोरम ने बजट को अनुमोदित किया।
- बिहार विद्युत विनियाम आयोग के अनुरोध के अनुसार डीईईपी ई–बोली पोर्टल पर विद्युत प्राप्ति के लिए अल्प/मध्यकालिक बोली पर प्रस्तुति मैसर्स पीएफसीसीएल और मैसर्स एमएसटीसीएल द्वारा की गई। फोरम ने प्रस्तुति की सराहना की।
- फोरम को विनियामक फोरम और राष्ट्रीय विनियामक न्यूट्रिलिटी कमिश्नर एसोसिएशन के बीच मौजूदा एमओयू पर संक्षिप्त किया गया और कांट्रेक्टिंग पर अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों पर अध्ययन किए गए। अध्ययन से अगली बाजार मॉडल में पारेषण के माध्यम से कांट्रेक्ट पद्धतियों और विधिक कांट्रेक्ट के संव्यवहार पर यूएस अनुभवों को समझने में मदद होगी।
- विद्युत मंत्रालय से निम्नलिखित संदर्भों पर विचारविमर्श किया गया:
  - क. कोयला आधारित विद्युत केन्द्र के लिए 55 प्रतिशत यूनिट क्षमता के एकसमान तकनीक न्यूनतम स्थितियों का कार्यान्वयन।
  - ख. पीपीए के अनुबंधों के अनुसार डिस्कॉम द्वारा भुगतान में विलंब के लिए विलंब भुगतान अधिभार के भुगतान को सुनिश्चित करने के लिए विनियामक।

20 जून, 2019 को रांची, झारखंड में आयोजित एफओआर की 68वीं बैठक

- फोरम को सूचित किया गया कि फोरम की 66 वीं बैठक में लिए निर्णय के अनुसरण में विनियामक फोरम की स्थायी तकनीकी समिति को पुनर्गठित किया गया है जिसमें श्री आई.एस. झा, सदस्य केविविआ की अध्यक्षता में दो ग्रुपों को शामिल किया गया।

  जीईआरसी, एमईआरसी, टीएनईआरसी, केईआरसी, आरईआरसी, एपीईआरसी, एचपीईआरसी, के/अध्यक्ष/सदस्य – सीएमडी पोसोको, आरए प्रभाग के प्रधान, सदस्यों के रूप में केविविआ और आरए प्रभाग, केविविआ के प्रधान सदस्यों के रूप में। ''नवीकरणीय ऊर्जा समेकन एवं संबद्ध मामले'' के विषय पर

  और

  पीएसईआरसी, यूपीईआरसी, बीईआरसी, डब्ल्यूबीईआरसी, केएसईआरसी, एईआरसी, सीएमडी पोसोको, आरए प्रभाग केविविआ के प्रधान इसके सदस्यों के रूप में ''राज्य स्तर पर एबीटी फ्रेमवर्क का कार्यान्वयन'' विषय पर
- बीईआरसी से प्राप्त संदर्भ पर निम्नलिखित बिंदुओं पर विचारविमर्श किया गया,

क) उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम की संगतता : फोरम ने महसूस किया कि शिकायत निवारण के लिए राजय सरकार द्वारा अधिसूचित अधिनियम उपभोकताओं के हित में है और इसलिए स्वागत योग्य है। तथापि राज्य सरकार एवं सीजीआर द्वारा लाया गया यह अधिनियम फ्रेमवर्क के रूप में जारी रह सकता है और इसका उद्देश्य उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करना है। तथापि सीजीआरएफ तंत्र को सुदृढ़ करने तथा इसे सरल संपर्क योग्य और प्रभावी बनाने के लिए उपयुक्त एजेंसियों द्वारा सुदृढ़ किया जाना चाहिए।

ख) उपभोक्ता परामर्श: फोरम ने उचित कार्रवाईयों के दौरान अपने विचारों के लिए उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान करने के विषयों पर विचार किया। फोरम को सूचित किया गया कि ''विद्युत क्षेत्र में उपभोक्ता संरक्षण'' से संबंधित अध्ययन आरंभ करने की प्रक्रिया'' की शुरूआत की गई है।

- मणिपुर और मिजोराम राज्य सरकारों द्वारा निधियों के अंतरण के लिए त्रिपक्षीय करार के गैर अनुपालन पर जेईआरसी (एमएण्डएम) से संदर्भ प्राप्त किए गए।

फोरम ने नोट किया कि जेईआरसी (एमएण्डएम) के अलावा एनईआरसी निधियों की गैरउपलब्धता के मुददे का सामना करा रहा है। फोरम ने अनुभव किया कि यह विषय विद्युत मंत्रालय के संबंधित ईआरसी द्वारा उठाया जाए।

- फोरम ने ''वितरण में निर्बाध पहुंच की स्थिति की समीक्षा'' पर अध्ययन आरंभ किया। मैसर्स डिलायट को फोरम की सहायता के लिए अध्ययन हेतु खुली बोली की प्रक्रिया के माध्यम से परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया। अध्ययन का उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र (दस राज्यों तक सीमित) निर्बाध पहुंच की स्थिति की समीक्षा/विश्लेषित करना था और निर्बाध पहुंच को प्रभावित करने वाली चुनौतियों का पता लगाना था। सदस्यों को कार्यवृत्त जारी करने के 15 दिन के अंदर रिपोर्ट पर अपने विचार भेजने का अनुरोध किया ताकि उसे अंतिम रूप दिया जा सके और/बैठक में फोरम को प्रस्तुत किया जा सके।
- अंरराज्यिक उत्पादन केन्द्र (पैन इंडिया) और उनके अनुभव में एससीईडी के कार्यान्वयन पर पोसोको द्वारा एक प्रस्तुति की गई। फोरम ने इस प्रस्तुति की सराहना की।
- हाल ही में अधिसूचित किए गए भारतीय लेखा मानक और टैरिफ में पूंजी लागत पर इसका प्रभाव पर एक प्रस्तुति एनटीपीसी के प्रतिनिधियों द्वारा प्रस्तुत की गई। फोरम ने प्रस्तुति को नोट किया।
- सचिव एमएनआरई ने फोरम की बैठक में भाग लिया और आरई उत्पादन के विकास के लिए एमएनआरई द्वारा की गई नीतिगत पहल के संबंध में अपने सतत प्रोत्साहन के लिए फोरम को अनुरोध किया। इसके बाद उन्होंने प्रतियोगी बोली, एफएण्डएस विनियमों को अधिसूचित करना, निर्बाध पहुंच और बैंकिंग मानदण्डों को सरल बनाना, प्रोत्साहनकारी सौर/ग्रिड संबद्ध सौर पम्प परियोजनाओं के लिए फ्रेमवर्क का सृजन, पांच मेगावाट सौर एवं 25 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना के लिए टैरिफ में फीड का निर्धारण, एफआईएफओ के सिद्धांतों द्वारा अधिशासित भुगतान को सरल बनाना, आरपीओ ट्राजेक्टरी जैसे विषयों पर विचारविमर्श किया। फोरम ने पाया कि उचित उपाय राज्यों में आरई की उपलब्धता की चिंता करते हुए, डिस्कॉम की वित्तीय दुरुस्तता, सभी स्टेकहोल्डरों के हित तथा अंतिम उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ पर इसके प्रभाव को ध्यान में रखते हुए आरई उत्पादन के विकास के लिए संबंधित एसईआरसी/जेईआरसी द्वारा किए जाते हैं।
- माननीय विद्युत राज्य मंत्री, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, कुशलता विकास और उद्यम ने कार्यवाहियों में शामिल हुए और अपने आरंभ के दौरान उन्होंने यह टिप्पणी की थी कि विनियामक सरकार की नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन द्वारा विद्युत क्षेत्र के विकास में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करते हैं। उन्होंने यह पाया कि विद्युत क्षेत्र इस क्षेत्र को उत्तरदायी बनाने का उद्देश्य रहा। तथापि इस अवधि में डिस्कॉम ने अपनी वित्तीय दुरुस्तता डीडीजीवाई, आईपीडीएस, उदय इत्यादि जैसी योजनाओं के माध्यम से आवधिक आधार पर वित्तीय सहायता में सुधार नहीं किया। विनियामकों को विगत से सीखते हुए भविष्य के लिए दृष्टि विकसित करनी चाहिए और उपभोक्ताओं के लिए सेवा को विश्वसनीय बनाने के लिए क्षेत्र को सुगम बनाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वितरण यूटिलिटी की मौजूदा स्थिति को देखते हुए सरकार क्षेत्र के लाभ के लिए कई नीतिगत हस्ताक्षेपों पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

अमृतसर पंजाब में 20 सितंबर, 2019 को आयोजित एफओआर की 69वीं बैठक

- फोरम को वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए लेखा परीक्षित खातों मुख्य विशेषताओ पर अद्यतन किया गया जिसके बाद वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए लेखा परीक्षित खातों को अनुमोदित किया गया।
- फोरम को आयकर अधिनियम की धारा 10(46) के अधीन फोरम के लिए छूट की मांग करते हुए और सीपीडीटी के अध्यक्ष के साथ केविविआ/एफओआर के अधिकारियों द्वारा फॉलोअप के संदर्भ में आईटी प्राधिकारियों के साथ सतत पत्राचार को अद्यतन किया गया। फोरम को वित्तीय वर्ष 2015–16 के लिए समीक्षा निर्धारण पर अद्यतन किया गया और 25.03 रुपयों की लागत की मांग और छूट प्रमाणपत्र को प्रस्तुत न करने पर 21.70 लाख रुपये के दण्ड को सौंपा गया। फोरम ने नोट किया और एफओआर सचिवालय को उसके शीघ्र समाधान के लिए आईटी प्राधिकारियों को अनुपालन के लिए निर्देश दिया।
- फोरम को सूचित किया गया कि एफओआर में अध्ययनों के लिए अतिरिक्त प्रस्तावों के कारण, फोरम का अनुमोदन 1लाख से 3.23 लाख रुपये तक के विज्ञापन खर्चों के लिए एफओआर के बजट को संशोधित करने की मांग की। फोरम ने उसका अनुमोदन प्राप्त किया।
- फोरम को वर्ष 2013–14–15 में एफओआर की कार्यशालाओं और बैठकों के लिए हाल की बुकिंग के लिए विज्ञान भवन, नई दिल्ली से प्रतिभूति जमा के लिए प्राप्ति योग्य रकम के बारे में सूचित किया। यह भी अद्यतन किया गया कि सांविधिक लेखा परीक्षकों की सिफारिशों के अनुसार 18,200 रुपये की कुल रकम बट्टे खाते में डाली गई चूंकि वह वसूली योग्य नहीं है। इस संबंध में उसे प्रभावित करने के लिए प्रस्ताव फोरम द्वारा अनुमोदित किया गया।
- फोरम को सूचित किया गया कि चूंकि यह निर्णय एफओआर से किसी सचिवालय लागतों का संग्रहण न करने के लिए वित्तीय वर्ष 2019–20 में केविविआ

द्वारा लिया गया था। अतः केविविआ पर सदस्यता इनवॉयस 2018–19 में नहीं किया जा सकता। फोरम के अनुमोदन से इस वित्तीय वर्ष अर्थात 2019–20 में केविविआ के सदस्यता फीस इनवॉयस (वित्तीय वर्ष 2018–19 से संबंधित) का निर्णय लिया गया।

- एफओआर को सूचित किया गया कि प्रत्येक वर्ष एफओआर भारत सरकार से योजना सहायता के साथ एसईआरसी/जेईआरसी के अधिकारियों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करता है और फोरम की अपनी निधियों के साथ एसईआरसी के अध्यक्षों/सदस्यों के लिए वैश्विक परिदृश्य कार्यक्रम आयोजित करता है। एफओआर सचिवालय ने आईआईटी कानुपर और एफओआर के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के अंतर्गत आईआईटी कानपुर, ऊर्जा विनियम केन्द्र के साथ सिडनी, आस्ट्रेलिया में 27–29 नवंबर, 2019 में 20 प्रतिभागियों के लिए दूसरा वैश्विक विनियामक परिदृश्य कार्यक्रम आयोजित करने की योजना की।
- फोरम को केईआरसी, एपीईआरसी, पोसोको और एफओआर सचिवालय से प्रतिनिधित्व सहित अध्यक्ष केरल एसईआरसी की अध्यक्षता में गठित एफओआर तकनीकी समिति के उपसमूह के बारे में सूचित किया। उपसमूह को विद्युत प्रणाली के अंदर क्यूसीए/प्रचालनों के विषयों के परीक्षण का अधिदेश दिया गया और राज्यों द्वारा अपनाने के लिए अनुकूल सिफारिशें करने के लिए कहा गया। फोरम ने व्यापाक ढंग से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादकों के लिए पूर्वानुमान एवं अनुसूचीकरण के लिए कार्यान्वयन फ्रेमवर्क और क्यूसीए से संबद्ध विषयों के लिए रिपोर्ट लाने के लिए स्थीय तकनीकी समिति और परामर्शदाता द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। विचारविमर्श के बाद फोरम ने सहमत बिंदुओं पर रिपोर्ट को पृष्ठांकित किया।
- फोरम को ''वितरण में निर्बाध पहुंच की स्थिति की समीक्षा'' पर आरंभ की गई एफओआर के अध्ययन में सूचित किया गया और यह अध्ययन रिपोर्ट 20.6.2019 को नई दिल्ली में एफओआर की 68वीं बैठक में प्रस्तुत की गई। विचार विमर्श के बाद फोरम ने अपने सदस्यों के विचारों को जानना चाहा और इसके अनुसार रिपोर्ट को संशोधित किया गया। इसके उत्तर में केईआरसी, टीएनईआरसी और ओईआरसी से टिप्पणियां प्राप्त की गई। फोरम को सूचित किया गया कि यह रिपोर्ट अभिशंसात्मक किस्म की है जो लक्षित राज्यों में निर्बाध पहुंच पर अद्यतन स्थिति के कारण है। जैसा कि तीन एसईआरसी से प्राप्त टिप्पणियों से पता चलता है कि वे रिपोर्ट की सिफारिशों के साथ हैं और इस प्रकार अंतिम रिपोर्ट किसी परिवर्तन पर विचार नहीं किया गया। इस प्रकार, फोरम ने विचारविमर्श के बाद रिपोर्ट को स्वीकार किया और अंगीकार किया।
- अध्यक्ष, पश्चिम बंगाल ईआरसी ने फोरम के नोटिस में लाया कि यद्यपि भारत सरकार ने प्रतिस्पर्धात्मक बोली के माध्यम से मध्यकालिक विद्युत के संशोधित मार्गनिर्देशों को प्रकाशित किया है और इस प्रकार प्रतिस्पर्धात्मक बोली के लिए 11 श्रेणियों का चुनाव किया है, निम्नतम संभावित टैरिफ पर आने का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा है। विचार विमर्श के बाद फोरम ने निम्नानुसार निर्णया किया।

✓ तमिलनाडु, झारखंड, महाराष्ट्र और कर्नाटक सहित पश्चिम बंगाल के ईआरसी, अध्यक्ष की अध्यक्षता के अधीन एफओरआर का कार्यदल गठित किया जाएगा जो इन श्रेणियों के सृजन के लिए सृजन की तार्किकता का परीक्षण करेगा जो प्रतियोगिता को नियंत्रित करा रहा है।

✓ ग्रुप अल्पकालिक कांट्रेक्ट/फारवर्ड कांट्रेक्ट सहित मध्यकालिक कांट्रेक्ट के प्रतिस्थापन के लिए आवश्यकता का परीक्षण करेगा।

- अध्यक्ष यूपीईआरसी ने रिटेल टैरिफ पर बढ़े हुए आरपीओ के प्रभाव पर प्रस्तुती दी। विचार विमर्श के अंत में फोरम ने निर्णय लिया कि एफओआर की स्थायी तकनीकी समिति निम्नलिखत विषयों पर विचार विमर्श कर सकती है:
  - क. सभी लागत घटकों पर विचार करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा समेकन की सही लागत को मूल्यांकित करना
  - ख. ग्रिड स्टोरेज बनाम बैटरी स्टोरेज में तकनीक के उपयोग के लिए परिदृश्य का परीक्षण करना।
  - ग. भावी ईंधन स्रोत के रूप में हाइड्रोजन उपयोग की समीक्षा करना।
  - घ. इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विनियामक फ्रेमवर्क तैयार करना।
- अध्यक्ष जीईआरसी ने बताया कि उत्पादन के नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की इनफर्म किस्म पर विचार करते हुए उन्हें अधिशेष विद्युत के अंतःक्षेपण की अनुमति है जिन्हें डिस्काम को बिक्री के रूप में माना जाता है। तथापि इस प्रकार के अधिशेष विद्युत के लिए अदा की जाने वाली दर डिस्काम को समर्पित क्षमता की आपूर्ति करते हुए अन्य नवीकरणीय ऊर्जा संयंत्रों के लिए लागू टैरिफ के अनुसार विचार नहीं किया जा सकता है।
- फोरम को सूचित किया गया कि एफओआर ने ग्रिड इंटरएक्टिव वितरित नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों पर ड्राफ्ट मॉडल विनियमों में विभिन्न विकल्पों की पहले ही सिफारिश की है और इस प्रकार एसईआरसी इस विषय का पता लगाने के लिए मॉडल विनियमों के साथ अपने विनियमों को संशोधित कर सकता है। फोरम ने इसे नोट किया है।
- अध्यक्ष त्रिपुरा ईआरसी ने फोरम को सूचित किया

कि मौजूदा स्थिति में लगभग सभी राज्य में पूरे देश में घरेलू और कृषि उपभोक्ता के लिए विभिन्न टैरिफ संरचना है। घरेलू टैरिफ प्रत्येक राज्य में अलग अलग हैं जो कम से कम दो 2.40 रुपये प्रति यूनिट और अधिकतम 12.00 रुपये प्रति यूनिट तक हैं। कुछ राज्य सरकारों ने उपभोक्ताओं के लिए एकसमान टैरिफ के लिए अधिसूचनाएं भी जारी की हैं। अतएव उन्होंने प्रस्ताव किया कि यद्यपि कृषि और घरेलू उपभोक्ताओं का एकसमान टैरिफ हो सकता है। अतएव वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोकत्ओं के लिए टैरिफ बाजार निर्धारित कीमतों पर निर्धारित किया जा सकता है। इस मामले में फोरम को सूचित किया गया कि इसी दिशा में टैरिफ श्रेणियों और उपश्रेणियों को तर्कसंगत बनाने के लिए एक अध्ययन पहले ही विद्युत मंत्रालय द्वारा किया गया। फोरम ने इसे नोट किया।

दीव में 31 जनवरी, 2020 को आयोजित एफओआर की 70वीं बैठक

- फोरम को थर्मल विद्युत केन्द्रों के लिए उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण के स्थापन्न के लिए निधियों की व्यवस्था, इन उपकरणों की स्थापना के बाद उत्पादन केन्द्र को अनंतिम टैरिफ प्रदान करने और इस प्रकार की स्थापना के लिए कार्यकारी पूंजी जुटाने जैसे विषयों पर विद्युत मंत्रालय से प्राप्त संदर्भ के बारे में सूचित किया गया। सीईए द्वारा जारी मानदण्ड एवं बेंचमार्क पूंजी लागत पर विचार विमर्श किया गया जिसमें उत्सर्जन पर, नए संशोधन का सार और केपेक्स के सांकेतिक लागत पर नए विनियमों पर विचार विमर्श किया गया और उन्हें विस्तार से प्रस्तुत किया गया। फोरम ने सहमति व्यक्त की चूंकि एफजीडी की स्थापना के लिए नए पर्यावरणीय मानदण्ड विभिन्न आदेशों में सीईआरसी द्वारा विधि में परिवर्तन के रूप में विचार किया गया है। अतएव सीईआरसी के इन आदेशों तथा सीईए द्वारा बेंचमार्क सहित इस प्रकार के विषयों को मामला दर मामला आधार पर इस प्रकार के मामलों पर निर्णय के लिए एसईआरसी के लिए संदर्भ दस्तावेजों के रूप में लिया जा सकता है।
- फोरम को विद्युत मंत्रालय से प्राप्त संदर्भ के बारे में सूचित किया गया कि जिसमें एसईआरसी को उत्पादन/पारेषण/वितरण के टैरिफ में कमी के लिए प्राप्तकताओं/डिस्काम द्वारा किए गए अग्रिम भुगतान पर ध्यान देने का अनुरोध किया गया। एसईआरसी को इस प्रकार के डिस्काम के लिए उचित छूट तंत्र विकासित करने का अनुरोध किया गया जो विद्युत मंत्रालय के आदेश के अनुसार अग्रिम भुगतान के लिए विकल्प करते हैं। एसईआरसी को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से बोली परियोजनाओं के लिए उत्पादन टैरिफ में कमी उपलब्ध करनवाने का भी अनुरोध किया गया। यह भी सहमति हुई कि की गई कार्यवाही रिपोर्ट एसईआरसी द्वारा एफओआर सचिवालय को प्रस्तुत की जाए ताकि उसे विद्युत मंत्रालय को अग्रेषित किया जा सके।
- अध्यक्ष कर्नाटक ईआरसी ने आरईसी तंत्र के अधीन वसूल की गई केपिंग दर के संबंध में टैरिफ नीति के खण्ड 6.4(i)(iii) के संशोधन की अपेक्षा के संबंध में प्रस्तुति दी। विचार विमर्श के बाद फोरम सहमत हुआ कि एसईआरसी माननीय मद्रास उच्च न्यायालय के निर्णयों के अनुसार आरईसी परियोजना के लिए एपीपीसी पर विचार के लिए मुक्त हैं।
- अध्यक्ष ओईआरसी ने जेनरिक ई–कोर्ट वेब टूल के कार्यान्वयन पर अद्यतन के लिए एफओआर सचिवालय को अनुरोध किया चूंकि ओईआरसी इसके लाभों पर विचार करते हुए इसे कार्यान्वित करने का इच्छुक है। उन्होंने यह भी अनुरोध किया कि यदि एफओआर इस जेनरिक टूल की लागतों की पूर्ति कर सकता है। इस संबंध में फोरम ने एक बार फिर एफओआर सचिवालय को विद्युत मंत्रालय को अनुस्मारक भेजने का निर्देश दिया जिसमें निधियों को शीघ्र रिलीज करने की मांग की गई। यह भी निर्णय किया गया कि ई–कोर्ट वेब टूल के कार्यान्वयन के लिए एफओआर सदस्यों की इच्छा को ध्यान में रखते हुए विद्युत मंत्रालय से कोई भी उत्तर प्राप्त न होने की स्थिति उसके निधियों के लिए एफओआर का प्रस्ताव अगली बैठक में उठाया गया।
- केविविआ (अन्तरराज्यिक पारेषण प्रभार और हानियों की शेयरिंग) विनियम 2019 के ड्राफ्ट पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। समापन के लिए सीईआरसी/एफओआर के अध्यक्ष ने बताया कि पीओसी की अवधारणा जटिल है चूंकि यह भार प्रवाह पर निर्भर करती है। उन्होंने इसी विषय पर विद्युत मंत्रालय की रिपोर्ट का संदर्भ दिया और बताया कि एफओआर सदस्यों द्वारा रेखांकित टिप्पणियों को सीईआरसी के समक्ष स्टेकहोल्डरों द्वारा उठाया गया है और आयोग पारेषण प्रभारों की शेयरिंग पर संशोधित विनियमों को अंतिम रूप देने से पूर्व इस प्रकार के सभी विचारों को उचित महत्व देगा। फोरम ने इसे नोट किया।
- फोरम को सीईआरसी के दो विशिष्ट हस्ताक्षेपों अर्थात सहायक सेवा पर विनियम और सुरक्षा नियंत्रित आर्थिक प्रेषण के बारे में सूचित किया गया और पोसोको के पास सहायक सेवा अपेक्षा की पूर्ति के लिए केन्द्रीय उत्पादन केन्द्रों के अनपेक्षित अधिशेष के स्वविवेक है। रिपोर्ट विशेषता पर विचार विमर्श करने के बाद फोरम ने ग्रुप के प्रयासों की सराहना की। मॉडल विनियमों और रिपोर्ट पर टिप्पणियों को यदि कोई है, एफओआर सचिवालय को एसईआरसी द्वारा भेजा गया।
- पीएमयू–एनएसजीएम के प्रतिनिधि ने इस पहल पर

फोरम के समक्ष प्रस्तुति की जिसमें एसईआरसी से प्रोत्साहन की अपेक्षा होती है ताकि ऐसा परिवर्तन किया जाए जिसमें विद्युत प्रणालियों के भार और भविष्य को प्रबंध किया जा सके। राष्ट्रीय स्मार्ट ग्रिड पर संक्षिप्त पृष्ठभूमि दी गई और यह बताया गया कि सभी राज्यों से अपने स्मार्ट ग्रिड विकसित करने के लिए राज्यस्तरीय यूनिट अपेक्षित हैं। फोरम ने प्रस्तुति की सराहना की।

- फोरम को सूचित किया गया कि पीएसआर कार्यक्रम के अधीन (भारत सरकार और यूके सरकार के बीच भागीदारी) केपीएमजी विद्युत क्षेत्र सुधारों पर कई विषयों पर सहायता के लिए परामर्श एजेंसी है। एबीपीएस सहित एपीएमजी ऑनलाइन प्लेटफार्म विकसित करने के लिए एफओआर की सहायता कर रहा है जहां टैरिफ के लिए महत्वपूर्ण डाटा इनपुट पर तुलनात्मक विवरणी तथा संबंधित इनपुट तक पहंचा जा सकता है। यह सूचित किया गया कि ड्राफ्ट फार्मेट को तैयार किया गया और फोरम द्वारा अनुमोदित किया गया। वेब टूल के विभिन्न विशेषताओं पर विचार करने के बाद और उस पर विचारविमर्श करने के बाद फोरम ने डाटा प्रबंधन और स्वामित्व से संबंधित कई पहलुओं पर निर्णय किया।
- फोरम को सूचित किया गया कि 2011 के ओपीवन के मामले में एपीटीएल ने उसके अनुपालन के उद्देश्य से और विभिन्न प्रकार की सूचना की मांग की। और इसके अनुपालन के उद्देश्य से एफओआर सचिवालय ने एसईआरसी के प्राप्त विभिन्न टैरिफ पैरामीटर पर डाटा को संकलित किया और उसे एपीटीईएल को अग्रेषित किया। तथापि उस पर विचार करते हुए वही डाटा एपटेल को भविष्य में प्रस्तुत करना अपेक्षित है इसलिए एक फार्मेट विकसित किया गया है और उसे एपटेल को सूचना प्रस्तुत करने के लिए प्रयुक्त किया जा सकता है। फार्मेट पर विचार विमर्श करने के बाद फोरम ने निर्णय किया कि एफओआर सचिवालय द्वारा प्रस्तावित फार्मेट सिद्धांतः अनुमोदित किया गया। एसईआरसी को 15 दिन के अंदर टिप्पणियां देनी है जिसे एफओआर सचिववालय द्वारा शामिल किया जाएगा और इस फार्मेट में वही डाटा ऐपटेल के निर्देशों के अनुसार ऐपटेल को प्रस्तुत किया जाएगा।
- एलबीएनएल और प्रमुख (आरए) प्रमुख केविविआ के प्रतिनिधि ने भारत में ऊर्जा स्टोरेज के शुरूआत के लिए विनियामक फ्रेमवर्क प्रस्तुत किया। विचार विमर्श के बाद फोरम ने निम्नानुसार निर्णय किया।
  i. संसाधन प्राप्यता अपेक्षा इसकी पूर्ति कैसे की जाए और अध्ययन के लिए कितनी लागत की आवश्यकता है। मार्गदर्शी सिद्धांत इस संदर्भ में अगले तीन–चार महीने में विकसित किए जाएं और एलबीएनएल को अगले चार से पांच महीने में इसके लिए टूल विकसित करना होगा।
  ii. एसईआरसी यूएस डिपार्टमेंट स्टेट और एलबीएनएल द्वारा आरंभ लोचशील संसाधनों की सहायता कर सकता है।
- नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार, थर्मल आस्तियों पर प्रभाव और ऊर्जा स्टोरेज के संबंध में विनियामक फ्रेमवर्क सृजित करने के लिए विस्तृत संसाधन प्रयाप्तया अध्ययन के लिए इच्छुक/मुख्य राज्यों के कार्यदल के सृजन का निर्णय किया गया।

2.2 पूरे किए गए अध्ययन

वितरण क्षेत्र में निर्बाध पहुंच की स्थिति की समीक्षा

फोरम ने ''वितरण में निर्बाध पहंच की स्थिति की समीक्षा'' अध्ययन आरंभ किया। मैसर्स डिलॉयट को फोरम की सहायता के लिए अध्ययन के लिए खुली बोली प्रक्रिया के माध्यम से परामर्शदाता के रूप में नियुक्त किया गया। इस अध्ययन का उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र में निर्बाध पहुंच की स्थिति की समीक्षा करना/विश्लेषित करना तथा निर्बाध पहुंच को प्रभावित करने वाली चुनौतियों का पता लगाना था। अध्ययन में महाराष्ट्र, तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश राज्यों में बढ़ी हुई निर्बाध पहुंच गतिविधि को पाया गया और यह प्रोत्साहनकारी निर्बाध पहुंच की उपलब्धता सहित सस्ते नवीरकणीय ऊर्जा स्रोतों की बढ़ी उपलब्धता के कारण संभव हो सका। अध्ययन में हरियाणा और गुजरात राज्यों में अल्पकालिक निर्बाध पहुंच में कमी पाई गई। अल्पकालिक निर्बाध पहुंच में इस प्रकार की कमी पावर एक्सचेंजों में कीमतों में पर्याप्त वृद्धि के कारण थी चूंकि इन राज्यों में उपभोक्ताओं के अल्पकालिक निर्बाध पहुंच संव्यवहार अल्पकालिक निर्बाध पहुंच के लिए पावर एक्सचेंजों पर निर्भर करते हैं। अध्ययन में पाया गया कि निर्बाध पहुंच अध्ययन के अधीन सभी राज्यों में पारंपरिक विद्युत का उपयोग करने वाले केप्टिव उपभोक्ताओं के लिए संभव था जबकि गैर केप्टिव उपभोक्ताओं के संबंध में आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और महाराष्ट्र राज्यों में यह संभव पाया गया। तथापि निर्बाध पहुंच पश्चिम बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों में नवीकरणीय ऊर्जा सौर विद्युत का प्रयोग करने वाले गैर केप्टिव उपभोक्ताओं तथा केप्टिव के संबंध में संभव पाया गया। अध्ययन में निर्बाध पहुंच के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कई उपायों का सुझाव दिया गया जिसमे अन्य बातों के साथ–साथ उपभोक्ताओं की लागत शिफ्टिंग, प्रगतिशील टैरिफ तार्किकता, निर्बाध पहुंच प्रभारों के अवधारण के लिए एकसमान पद्धति, निर्बाध पहुंच प्रभारों दीर्घकालिक निश्चितता, निर्बाध पहुंच के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रदान करने के लिए विलंब का निराकरण के संबंध में सरल और कारगर उपाय शामिल हैं। रिपोर्ट को 20 सितंबर, 2019 को विनियामक फोरम की 69वीं बैठक में इसे पृष्ठांकित किया गया।

राज्य स्तर पर रिज़र्व एवं सहायक सेवाओं पर विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट (संतुलन)

रिपार्ट में विद्युत प्रणाली और विद्युत बाजार की कार्यप्रणाली के लिए अनिवार्य विश्वसनीय सेवाओं के लिए आवश्यकताओं

पर बल दिया गया इसमें निर्धारण के लिए रोडमैप, सृजन, व्यवस्था, ग्रिड में रिज़र्व के प्रेषण और निपटान की व्यवस्था है। रिपोर्ट में सहायक सेवाओं पर अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय अनुभव को रेखांकित किया गया और सीईआरसी, एसईआरसी, एसएलडीसी, आरएलडसी, एनएलडीसी और अकादमियों से प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए परामर्शी प्रक्रिया के माध्यम से संकलित किया गया।

केन्द्रीय आयोग ने रिज़र्व के नियोजन के लिए सतत तंत्र विकसित करने के लिए कई वर्षों से कई पहल की है। अक्तूबर 2015 में ''देश में रिज़र्व के संचालन के लिए रोडमैप'' की अधिसूचना के बाद आयोग ने थर्मल विद्युत केन्द्रों के लोचशीलताकरण के लिए मानदण्डों के माध्यम से (अनुसूचीकरण यूनिट के लिए उच्चतम सीमा, 55 प्रतिशत तकनीकी न्यूनतम) प्रादेशिक स्तर पर रिज़र्व के सृजन को सरल बनाया। अंतरराज्यिक स्तर पर निपटान और रिजर्व के अधिकतम प्रेषण के लिए स्थापित तंत्र इसके अलावा रिज़र्व विनियामक सहायक सेवा, तेज सहायक सेवा, स्वाचालित उत्पादन नियंत्रण और सुरक्षा नियंत्रित आर्थिक प्रेषण हैं। यह रिपोर्ट अंतरराज्यिक स्तर की सहायक सेवाओं के अनुभव को संकलित करती है और अंतरराज्यिक स्तर पर इस प्रकार के तंत्र के कार्यान्वयन के लिए सुझाव प्रदान करती है। रिपोर्ट में अंतःराज्यिक अनिवार्य विश्वसनीयता सेवाओं पर मॉडल विनियम को शामिल किया गया है जिसे उनके संबंधित राज्यों में अपेक्षा का पता लगाते समय एसईआरसी द्वारा अपनाया जा सका है। रिपोर्ट को 03 जनवरी 2020 को स्थायी तकनीकी समिति की बैठक में पृष्ठांकित किया गया और 31 जनवरी 2020 को विनियामक फोरम द्वारा इसकी 70वीं बैठक में पृष्ठांकित किया गया।

2.3 क्षमता निर्माण कार्यक्रम

विनियामक फोरम के मुख्य उत्तरदायित्वों में से एक विद्युत विनियामक आयोगों के कार्मिकों का क्षमता निर्माण है। निम्नलिखित प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2019–20 में फोरम द्वारा आयोजित किए गए।

सिडनी आस्ट्रेलिया में 27 – 29 नवंबर, 2019 को विद्युत विनियामक आयोगों के आयुक्तों के लिए द्वितीय वैश्विक विनियामक परिदृश्य कार्यक्रम कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए मुख्य विषय निम्नानुसार है

- विनियामक सत्र
- आस्ट्रेलिया में विद्युत क्षेत्र के लिए विनियामक लैंडस्केप
- उपभोक्ता हितों का संरक्षण – सांस्थनिक दृष्टिकोण एवं पद्धतियां
- आस्ट्रेलियन विद्युत क्षेत्र का विकास और उभरते परिदृश्य
- उपभोक्ता की पसंद और आस्ट्रेलिया में खुदरा विद्युत बाजार का विकास
- आस्ट्रेलिया में विद्युत बाजार प्रचालन

आईआईटी कानपुर में 7–9 जनवरी, 2020 को टैरिफ तकनीक एवं उपभोक्ता पसंद – विद्युत क्षेत्र में उभरते हुए विनियामक विषयों पर विद्युत विनियामक आयोगों के अधिकारियों के लिए 13वां क्षमता निर्माण कार्यक्रम

- विद्युत क्षेत्र विनियम का आर्थिक आधार
- वितरण टैरिफ डिजाइन : पद्धतिपूर्ण दृष्टिकोण
- टैरिफ सेटिंग की आर्थिकी : सेवाओं की लागत से आगे
- टैरिफ के विधिक एवं वाणिज्यिक पहलू : हाल ही के ऐपटेल का स्नैपशॉट और सर्वोच्च न्यायालय के आदेश
- विद्युत बाजार : आधारभूत एवं हाल की उपलब्धियां
- दीर्घकालिक मांग पूर्वानुमान : यूपीपीसीएल मामला अध्ययन
- स्मार्ट ग्रिड : कार्यानवयन, चुनौतियां और प्रगति
- नवीकरणीय ऊर्जा के लिए प्रतिस्पर्धात्मक बोली : सौर एवं पवन क्षेत्र से अनुभव
- विनियामक विचारोत्तेजक सत्र
- आईआईटी कानपुर में सौर ऊर्जा अनुसंधान केन्द्र तथा स्मार्ट ग्रिड केन्द्र में साइट विजिट

30–31 जनवरी, 2020 को राष्ट्रीय ऊर्जा प्रशिक्षण संस्थान फरीदाबाद में सीजीआरएफ एवं ओमब्डसमैन के अधिकारियों के लिए ''उपभोक्ता हित का संरक्षण'' पर दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। इस कार्यक्रम के दौरान कवर किए गए विषय निम्नानुसार है:

- उपभोक्ता शिकायतों के लिए क्रियाविधि – मॉडल तंत्र
- ग्राहक सेवा व्यवहार में सुधार के लिए तकनीकी हस्तक्षेप
- बीआरपीएल के मानकों एवं कार्यनिष्पादन का परिचय
- विद्युत अधिनियम 2003 तथा उपभोक्ता हितों के संरक्षण पर बल देते हुए विनियामक उपबंध
- विद्युत क्षेत्र/उपभोक्ता सशक्तिकरण और शिकायत निवारण तंत्र में उपभोक्ताओं से संबंधित सांविधानिक विधि और कुछ महत्वपूर्ण अधिनिर्णय ।
- दिल्ली के साथ तुलना करते हुए अन्य राज्यों में उपभोक्ता शिकायत अनुभवों की शेयरिंग

3

2019–20 के दौरान (केविविआ/एसईआरसी/जेईआरसी) विनियामक फोरम के विनियामक निकायों के सदस्यों की उपलब्धियां

केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग

केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग ने विद्युत अधिनियम 2003 द्वारा सौंपे गए उत्तरदायित्वों के संबंध में विद्युत क्षेत्र में सुधारों के लिए वर्ष के दौरान कई महत्वपूर्ण पहल की।

i. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2020

विद्युत अधिनियम 2003 (अधिनियम) की धारा 178 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केविविआ ने 02 जनवरी, 2020 को केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2020 जारी किया। यह विनियम राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे और आयोग द्वारा निरस्त होने तक बने रहेंगे।

अधिनियम की धारा 66 के अनुसार विद्युत बाजार के विकास के उद्देश्य से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियमों को फरवरी, 2009 में जारी किया गया और वर्ष 2009–2010, 2012–13 में पुनरीक्षण किया गया और संशोधन किया गया। इसके अलावा आयोग ने विद्युत में अंतरराज्यिक व्यापार के लिए व्यापार मार्जिन के निर्धारण के लिए जनवरी, 2010 में केविविआ (व्यापार मार्जिन का निर्धारण) विनियम 2010 को अधिसूचित किया।

आयोग ने उक्त व्यापार अनुज्ञपित एवं व्यापार मार्जिन विनियमों की आवश्यकता का अनुभव किया। व्यापार अनुज्ञप्ति विनियम 2020 के अंदर कवर किए जा रहे व्यापार मार्जिन के संबंध में विनियमों के साथ समय–समय से यथासंशोधित मौजूदा व्यापार अनुज्ञप्ति विनियम 2009 और व्यापार मार्जिन विनियम 2010 केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2020 के आरंभ की तारीख से निरस्त होंगे।

तदनुसार, केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम 2020 विद्युत के अंतरराज्यिक व्यापार के इच्छुक किसी व्यक्ति के लिए लागू होगा और अधिनियम की धारा 14 के अधीन विद्युत के अंतरराजियक व्यापार के लिए आयोग द्वारा अनुज्ञप्ति प्रदान की गई है। विनियमों में निम्नलिखित निबंधन व शर्तों को कवर किया जाएगा।

- आवेदक की अर्हकता
- अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि
- व्यापार मार्जिन
- व्यापार अनुज्ञप्तिधारी की बाध्यताएं
- व्यापार अनुज्ञप्तिधारी द्वारा हस्ताक्षेप एवं दण्ड
- अनुज्ञप्ति का प्रतिसंहरण

इसके अलावा, विनियमों में विनियमों के अनुपालन के लिए मौजूदा अनुज्ञप्तिधारियों के संबंध में अतिरिक्त उपबंधों को रेखांकित किया गया।

ii. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) (प्रथम संशोधन) विनियम 2020

25 मार्च, 2020 के अधिसूचना के माध्यम से केविविआ ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 178 के अनुसार केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें तथा अन्य संबद्ध मामले) (प्रथम संशोधन) विनियम 2020 अधिसूचित किया। व्यापार अनुज्ञप्ति प्रदान करने के लिए क्रियाविधि, निबंधन व शर्तें के लिए विनियम 02 जनवरी, 2020 को जारी किया गया जिसमें व्यापार अनुज्ञप्ति और व्यापार मार्जिन प्रदान करने के लिए शर्तों को निर्धारित किया गया।

आयोग ने नोट किया कि विनियमों में व्यापार मार्जिन पर कई महत्वपूर्ण विषय उपलब्ध करवाए गए हैं। तथापि कुछ स्टेकहोल्डरों ने यह स्पष्टीकरण की मांग की है कि क्या व्यापारी बैंकिंग संव्यवहारों पर नकारात्मक मार्जिन प्रभारित कर सकते हैं तथा संचयी व्यापार मार्जिन जीरो और 7 पैसे/किलोवाट घण्टे के बीच बने रह सकते हैं। एक पार्टी से नकारात्मक व्यापार मार्जिन प्रभारित करते हुए यद्यपि व्यापार अनुज्ञप्ति विनियमों के विनियम 8(1)(ई) के अनुसार शून्य पैसे/किलोवाट घण्टे से कम नहीं के संचयी व्यापार मार्जिन और 7 पैसे/किलोघण्टे से नहीं के संचयी के व्यापार मार्जिन का अनुपालन कर सकते हैं, तो यह अनिश्चित हो जाएगी। आयोग ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की व्यवस्था बाजार विरुपण की ओर ले जाएगी और इस प्रकार बैंकिंग संव्यवहार के लिए कोई भी पार्टी शून्य

पैसे/किलोवाट घण्टे से कम का प्रभारित व्यापार मार्जिन नहीं होना चाहिए। इस प्रकार प्रथम संशोधन आयोग द्वारा अधिसूचित किया गया।

दीर्घकालिक कांट्रेक्ट के मामले में आयोग ने दीर्घकालिक कांट्रेक्ट के मामले में मासिक कांट्रेक्ट मूल्य के आधार पर साखपत्र के रखरखाव के लिए अपेक्षा को नोटिस किया और जहां इस प्रकार के अल्पकालिक कांट्रेक्ट की अवधि एक महीने से अधिक है वहां भी इसे नोटिस किया।

यह भी आयोग के नोटिस में आया एक महीने से अधिक की अवधि के लिए अल्पकालिक संव्यवहारों के मामले में कांट्रेक्ट की समूची अवधि के लिए कांट्रेक्ट मूल्य के समतुल्य साखपत्र या एसक्रो व्यवस्था व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों के लिए भारी होगी। विशेष रूप से जब संव्यवहारों को मासिक बिलिंग चक्र के आधार पर सामान्यताः निपटाया जाता है। तदनुसार एक महीने से अधिक की अवधि सहित संव्यवहारों के साखपत्र या एसक्रो व्यवस्था मूल्य कांट्रेक्ट अवधि को ध्यान में रखे बिना मासिक कांट्रेक्ट मूल्य के 1.05 बार के बराबर होना चाहिए। इस प्रकार एक परन्तुक संशोधन के माध्यम से विनियम में जोड़ा गया है।

iii. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से व्युत्पन्न राजस्व की शेयरिंग) विनियम, 2020

केविविआ ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 178 के अनुसार केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से व्युत्पन्न राजस्व की शेयरिंग) विनियम, 2020 को अधिसूचित किया। इस विनियम का मुख्य उद्देश्य अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से व्युत्पन्न शेयरिंग राजस्व के लिए तंत्र को विनिर्दिष्ट करना है।

उक्त विनियम से पूर्व केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से व्युत्पन्न राजस्व की शेयरिंग) विनियम, 2007 प्रभावी था। आयोग ने मौजूदा बाजार स्थिति और प्राप्त अनुभव के आधार पर इन विनियमों का पुनरीक्षण किया। आयोग ने पारेषण आस्तियों के उपयोग से व्युत्पन्न शेयरिंग राजस्व के विनियामक फ्रेमवर्क के संशोधन के लिए अनुभव पर आधारित उपबंधों के पुनरीक्षण के बाद इस विनियम को निरस्त कर दिया।

आयोग ने 25 सितंबर, 2019 को सार्वजनिक नोटिस जारी किया जिसमें सुझावों/टिप्पणियों/आपत्तियों को आमंत्रित किया गया और 13 जनवरी, 2020 को सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की। 17 फरवरी, 2020 को पूर्व प्रकाशनों के अनुपालन के बाद आयोग ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (अन्य कारोबार के लिए पारेषण आस्तियों के उपयोग से व्युत्पन्न राजस्व की शेयरिंग) विनियम, 2020 को अधिसूचित किया। पारेषण अनुज्ञप्तिधारी पारेषण आस्तियों के उपयोग से व्युत्पन्न राजस्व की शेयरिंग के लिए इन विनियमों पर निर्भर करेंगे।

iv. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रणाली विकास निधि) विनियम, 2019

केविविआ ने विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 178 के उपधारा 2 के खण्ड (जेडई) और धारा 178 की उपधारा (1) अनुसार केविविआ ने केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रणाली विकास निधि) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया। इस विनियम का मुख्य उद्देश्य विद्युत प्रणाली विकास निधि, निधि के संवितरण और प्रबंधन के लिए उपयोग एवं अन्य क्रियाविधि विनियमों के लिए दृष्टिकोण के अधीन विभिन्न विनियामक उपबंधों के अधीन उपलब्ध अधिशेष निधियों को सामने लाना है।

उक्त विनियम से पूर्व केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रणाली विकास निधि) विनियम, 2014 प्रभावी था जिसमें विभिन्न समितियों को गठित किया गया। विद्युत मंत्रालय ने निधियों के प्रबंधन के लिए विभिन्न समितियों की भूमिका और उत्तरदायित्वों को परिभाषित करते हुए मार्गनिर्देश जारी किए। आयोग ने अनुभवों के आधार पर उपबंधों के पुनरीक्षण तथा सरल कार्यान्वयन के लिए उपबंधों को सरलीकृत करने के बाद इस विनियम को निरस्त कर दिया।

आयोग ने 24 मई, 2019 को सार्वजनिक नोटिस जारी किया जिसमें ड्राफ्ट अधिसूचना पर सुझावों/टिप्पणियों/आपत्तियों को आमंत्रित किया। प्राप्त टिप्पणियों पर विचार करने के बाद आयोग ने विनियमों को अंतिम रूप दिया और 28 अगस्त, 2019 को अंतिम केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विद्युत प्रणाली विकास निधि) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया। यह विनियम विद्युत प्रणाली विकास निधि के संवितरण और प्रभावी प्रबंधन के लिए अब कार्यान्वित किया जाएगा।

v. केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और अन्य संबद्ध मामले) (पांचवां संशोधन) विनियम, 2019

आयोग ने 28.05.2019 की अधिसूचना के माध्यम से केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (विचलन व्यवस्थापन तंत्र और अन्य संबद्ध मामले) (पांचवां संशोधन) विनियम, 2019 को अधिसूचित किया ताकि डीएसएम विनियमों के प्रभावी कार्यान्वयन में स्टेकहोल्डर द्वारा उठाई गई तकनीकी एवं प्रचालनगत कठिनाईयों को दूर किया जा सके और संगठित बाजारों के माध्यम से इकाइयों द्वारा अल्पकालिक ऊर्जा अपेक्षा के लिए भार पूर्वानुमान तकनीक को अंगीकार करने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया जा सके और उनकी आकस्मिक आवश्यकता की पूर्ति के लिए ग्रिड को दुरुस्त बनाया जा सके।

विनियम में संशोधन में दो नई परिभाषाओं अर्थात ''दैनिक आधार डीएसएम प्रभार'' की व्यवस्था है अर्थात प्रतिदेय या प्राप्य जैसी भी स्थिति हो, में सभी टाइमब्लॉकों के लिए विचलनों के लिए प्रभारों का जोड़ अभिप्रेत है और ''टाइम ब्लॉक डीएसएम प्रभार'' से दिन में प्रतिदेय या प्राप्य जैसी

भी स्थिति भी, हो विनिर्दिष्ट ब्लॉक के लिए विचलन के लिए प्रभार अभिप्रेत है। संशोधन में नए खण्डों के अनुसार क्रॉसबार्डर संव्यवहारों के संबंध में विचलन के लिए और अंतःप्रादेशिक विचलनों के लिए प्रभार डेअहेड बाजार में अनियंत्रित बाजार क्लियरिंग कीमत के आधार पर संगणित किया जाएगा। विभिन्न बोली क्षेत्रों में आने वाली इकाई के संबंध में विचलन के लिए प्रभार उस बोली क्षेत्र के दैनिक औसत एसीपी के आधार पर संगणित किया जाएगा जिसमें इस प्रकार की इकाई का इसकी मांग का सबसे बड़ा समानुपात है। साइन परिवर्तन अपेक्षा के लिए टॉलरेन्स बैण्ड +/– 20एमडब्ल्यू किया गया है और सभी इकाइयों के लिए एकसमान केप दर की गई है तथा इसे पहले से उपलब्ध 303.04 पैसे/किलोवाट घण्टे के पहले से उपलब्ध संदर्भ में इंडेक्स किया गया है जिसे इसे संशोधन में उपलब्ध करवाया गया है। इस संशोधन में उस तरीके को भी उपलब्ध करवाया गया है जिससे इकाई दो अलग समयावधि अर्थात 21.3.2020 तक की अवधि और 01.04.2020 तक के आगे की अवधि के लिए एक दिशा (सकारात्मक या नकारात्मक) में अनुसूची से सतत विचलन की स्थिति में अपनी स्थिति को ठीक करेगा।

vi. *केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र की फीस और प्रभार तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2019*

अधिनियम की धारा 178 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आयोग ने आरएलडीसी एवं एनएलडीसी के लिए फीस एवं प्रभारों के निर्धारण के लिए विनियमों को अधिसूचित किया जिसे केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र की फीस और प्रभार तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2015 (01.04.2014–31.03.2019 तक पूर्व नियंत्रण अवधि के लिए लागू) कहा गया जो 31.3.2019 को समाप्त हुआ। इस प्रकार आयोग ने 01.04.2019–31.03.2024 तक की अवधि के लिए केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्र की फीस और प्रभार तथा अन्य संबद्ध मामले) विनियम, 2019 अधिसूचित किया।

विनियम 01.04.2019–31.03.2024 तक की न्यूनतम अवधि के लिए उत्पादन कंपनियों, वितरण अनुज्ञप्तिधारियों, अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों, क्रेताओं, विक्रेताओं तथा अंतरराज्यिक व्यापार अनुज्ञप्तिधारियों तथा किसी अन्य प्रयोक्ताओं से प्रादेशिक भार प्रेषण केन्द्रों द्वारा वसूल किए जाने वाले फीस एवं प्रभारों के अवधारण के लिए लागू होंगी।

इन विनियमों में मुख्य परिवर्तन नीचे उलिलखित हैं:

- प्रणाली प्रचालन प्रभार और बाजार प्रचालन प्रभार मासिक एलडीसी प्रभारों के रूप में अभिहित किए गए हैं और अंतरराज्यिक पारेषण अनुज्ञप्तिधारियों, उत्पादन केन्द्रों तथा विक्रेताओं, वितरण अनुज्ञप्तिधारियों और क्रेताओं के लिए संगणित किए गए हैं।
- वार्षिक एलडीसी प्रभार, आकस्मिक रिजर्व, प्रभावी कर दर, भार प्रेषकों के फार्म, एरगोनॉमिक्स, एलडीसी विकास निधि, प्रचालनगत व्यय एवं अन्य सहायक कार्यों की परिभाषा को जोड़ा गया है।
- प्रयोक्ता को अवरजिर्स्ड करने का प्रावधान किया गया है। एक प्रयोक्ता को तदनतर पुनः रजिस्टर्ड किया जा सकता है जब चूककर्ता ने मूल रजिस्ट्रेशन प्रभारों का 50 प्रतिशत अदा करते हुए संयोजकता पुनः स्थापित कर दिया है।
- आरएलडीसी और एनएलडीसी कार्यों को केबिल रिपार्ट में सुझाव के अनुसार इन विनियमों में जोड़ा गया है।
- आरएलडीसी या एनएलडीसी नियंत्रण अवधि के अंदर एक बार इसके खर्चों की मध्यकालिक समीक्षा करेगा यदि अनुमोदित केपेक्स या रेपेक्स या किसी अन्य अदृश्य अपेक्षा के संदर्भ में महत्वपूर्ण विचलन, वेतन पुनरीक्षण के रूप में जैसे आकस्मिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए आवश्यक अनुभव किया जाता है। और आयोग के समक्ष ट्रूअप याचिका दाखिल कर सकता है जो इन विनियमों के आरंभ की तारीख से 02 वर्ष से पहले न हो।
- एलडीसी का कार्यनिष्पादन चार आयामों – स्टेकहोल्डर की संतुष्टि, वित्तीय विवेक, आंतरिक प्रक्रिया, शिक्षण एवं वृद्धि में मूल्यांकित किया जा सकता है।
- किए गए वास्तविक व्यय के अनुसार संगणित फोल्ड सचिवालय के लिए गैर विवेकी जांच के बाद आयोग द्वारा अनुमति दी जाएगी।
- यदि इन विनियमों के अधीन प्रतिदेय प्रभारों के लिए किसी बिल का भुगतान बिलिंग की तारीख से 45 दिनों की अवधि के आगे प्रयोक्ता द्वारा विलंब होता है तो 1.5 प्रतिशत प्रतिमाह की दर पर विलंब भुगतान अधिभार प्रयोक्तताओं से उदग्रहित किया जाएगा।
- 1.5 प्रतिशत की छूट सकल बिल पांचवे दिवस पर एनएलडीसी या आरएलडीसी द्वारा अनुमति दी जाएगी। 01 प्रतिशत की छूट की अनुमति होगी जब भुगतान बिल की जारी करने से टी+6 से टी+30 दिनों के अंदर किया जाता है। बिल के जारी होने की तारीख से टी+30 दिनों से टी+45 दिनों तक किए गए भुगतान के लिए किसी छूट की अनुमति नहीं होगी।

असम विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग द्वारा निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए गए

- एईआरसी (विचलन व्यवस्थापन तंत्र एवं संबद्ध मामले) विनियम, 2019
- एईआरसी (वैद्युत दुर्घटनाओं के पीड़ितों को क्षतिपूर्ति)

विनियम, 2019

- एईआरसी (ग्रिड इंटरेक्टिव सौर पीवी प्रणालियां) विनियम, 2019
- एईआरसी (विद्युत आपूर्ति कोड) विनियम (द्वितीय संशोधन), विनियम, 2020

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए हैं:

- एपीजीसीएल के लिए वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए ट्रू अप, वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए एपीआर और वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए पुनरीक्षित एआरआर एवं टैरिफ के लिए टैरिफ आदेश
- एईजीसीएल के लिए वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए ट्रू अप, वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए एपीआर और वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए पुनरीक्षित एआरआर एवं टैरिफ के लिए टैरिफ आदेश
- एपीडीसीएल के लिए वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए ट्रू अप, वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए एपीआर और वित्तीय वर्ष 2020–21 के लिए पुनरीक्षित एआरआर एवं टैरिफ के लिए टैरिफ आदेश
- वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए रु.3.78/किलोवाट घंटा के रूप में औसत पूल्ड विद्युत क्रय लागत (एपीपीसी) को अधिसूचित करने के लिए आदेश

आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान आयोग द्वारा निम्नलिखित विनियम अधिसूचित किए गए:

- आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (कारोबार का संचालन) चौथा संशोधन विनियम, 2019
- आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग (कारोबार का संचालन) पांचवा संशोधन विनियम, 2019
- आंध्र प्रदेश विद्युत विनियामक आयोग में प्रथम संशोधन – राज्य सलाहकार समिति का गठन और इसका संचालन विनियम 2004

आयोग ने निम्नलिखित आदेश जारी किए हैं:

